हिन्दुस्तान
बुधवार
13 मार्च 2024, बरेली
भरोसा नए हिन्दुस्तान का

PAGE NO:05 MIDDLE

क्रिकेट में अफरीदी और टाइटन क्लब ने दर्ज की शानदार जीत

बरेली, मुख्य संवाददाता। श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के पांचवें दिन भी दो मुकाबले खेले गए। अफरीदी क्लब ने 32 रन से एमएलसीसी को हराया। 23 गेंदों पर 6 छक्के और 4 चौकों की मदद से 64 रन बनाने वाले रियाज अफरीदी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मैच में टाइटन क्लब बरेली ने केपीएस क्लब बरेली को 39 रन से पराजित किया। इसमें गेंदबाजी और फील्डिंग में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए फैजान जाफरी को मैन आफ द मैच चुना गया। बुधवार को आईके कलेक्शन एकेडमी और स्क्रीमिंग ईगल्स बरेली व एसआरएमएस किंग्स और केपीएस बरेली के बीच मैच खेला जाएगा।